राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राष्ट्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की
राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने काशी विश्वनाथ और संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन किए

जयपुर, वाराणसी, 30 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरुवार को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव की आराधना करते हुए मंदिर में रुद्राभिषेक भी किया।

श्री मिश्र बाद में काशी में स्थित संकटमोचन हनुमान जी के भी गए। वहां उन्होंने भक्ति भाव से भगवान के दर्शन किए। उन्होंने भगवान शिव और संकटमोचन हनुमान जी से राष्ट्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

———–

राज्यपाल ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी

जयपुर, 30 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने हिंदी पत्रकारिता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पण्डित युगुल किशोर शुक्ल के संपादन, प्रकाशन में प्रकाशित देश के प्रथम हिन्दी समाचार पत्र ''उदन्त मार्तण्ड'' का स्मरण करते हुए कहा कि हिंदी भाषा नहीं संस्कृति है। उन्होंने पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की जड़ों को सींचकर उसे सदा हरा रखने का कार्य पत्रकार ही करते हैं। वे संवैधानिक अधिकारों के लिए जागरूक करने के साथ आम जन को कर्तव्य पालन के लिए प्रेरित करते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि आज भी हिंदी में सर्वाधिक समाचार पत्र प्रकाशित होते हैं, सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चौनल है और वेब मीडिया का प्रसार भी सर्वाधिक हिंदी में ही होता है। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के विकास की स्वस्तिकामना करते हुए स्वस्थ और आदर्श मूल्यों का निर्वहन करते हुए मीडिया को राष्ट्र और समाज विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया।

———–